
## खबर संक्षेप

### 2 तारीख को शाम 5:00 बजे पूज्य महाराज जी का आगमन होगा



**मण्डला।** परम पूज्य टीलाद्वाराचार्य जगतगुरु माधवाचार्य जी महाराज का माँ नर्मदा परिक्रमा के दौरान लगभग 500 महात्माओं के साथ मण्डला नगर आगमन हो रहा है। पूज्य महाराज जी का आगमन 02 मई की शाम 05 बजे होगा महाराज जी महाराजपुर होते हुए तुलसी तपोवन आश्रम गौशाला में रात्रि विश्राम करेंगे। पूज्य संत महात्माओं का दर्शन महामंडलेश्वर तपस्वी संतों का सामूहिक दर्शन मण्डला नगरवासियों को मिलेगा। नगर के संतों ने सभी नगरवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर के दर्शन कर पूर्ण लाभ अर्जित करने अपील की है।

### आयुष चौरसिया ने अर्जित की शानदार सफलता



**मण्डला।** सतेन्द्र चौरसिया एवं वर्षा चौरसिया के सुपुत्र आयुष चौरसिया ने बैंगलोर के सुप्रसिद्ध कॉलेज श्री स्वामी नारायण गुरूकुल पीयू कॉलेज से 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। आयुष की कड़ी मेहनत और लगन से मिली इस सफलता पर चौरसिया परिवार गौरान्वित है और इस सफलता के लिये सभी परिजनों एवं स्नेहीजनों ने आयुष एवं उनके परिवार को शुभकामनायें प्रेषित की है भविष्य में आयुष ऐसे ही सफलता अर्जित करता रहे।

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची महिलाएं

# बिना लोन दिए ही वसूली का बना रहे दबाव

*** घर में आकर कर रहे अभद्रता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



महिलाओं का समूह बनाकर ब्याज पर लोन देने जिले में लगभग 20-25 प्राइवेट माइक्रो फाइनेंस कपनियां काम कर रही हैं। लोन देने के बाद महिलाओं को परेशान किया जा रहा है, ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत खुडिय़ा रसैयादोना आईटीआई का सामने आया है। लोन के संबंध में ग्राम खुडिय़ा की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। महिलाओं ने बताया कि प्रायवेट बैंक के द्वारा खुडिय़ा की महिलाओं को 4-5 बार लोन देने की बात कह रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसा कौन सा बैंक है जो एक लोन के रहते हुए भी 4-5 बार लोन दे सकता है। भले ही महिला लोन पटाने की स्थिति में न हो, गांव में 10-12 महिलाओं का गुरप है जब तक एक लोन चुकता न हो दूसरा लोन नहीं दिया जाता। यह कंडीशन देखकर की महिला लोन चुकाने की स्थिति में है भी या नहीं, बावजूद इसके सभी महिलाओं के नाम से 4-4 लोन दिया गया है, किसी बैंक में ऐसा नहीं किया जाता कि एक लोन के चुकता किए बिना दूसरा, तीसरा, चौथा लोन मुहैया कराया गया हो, फिर भी अधिकारी लोग हमारे घर आकर पता नहीं कौन-कौन से लोन की बात बताकर हमें डरा रहे हैं। हम गरीब महिलाएं हैं इतनी पढ़ी-लिखी नहीं कि बैंक या उसकी प्रोसीजर को गहराई से समझ सकें।



### महिलाओं से कर रहे अभद्र भाषा का प्रयोग

खुडिय़ा पंचायत की महिलाओं का कहना है कि गांव की सभी महिलाएं लोन तो पटा रही हैं लेकिन फिर भी पता नहीं कौन-कौन सा लोन लिए हैं ऐसा बताया जा रहा है। यहां तक की 50-60 वर्ष की वृद्ध महिलाओं को भी अभद्र बातें बोलने से नहीं चूकते हैं। इस वर्ष महिलाओं को तो लोन भी नहीं मिलता है, इसके बाद भी घर आकर अभद्र व्यवहार करके महिलाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं कि महिलाएं बता भी नहीं सकती हैं। दिन हो या रात आधी रात को भी दरवाजा खटखटाते हैं। घर बेचो, खेत बेचो या फिर खुद को बेचकर पैसा दो कहा जाता है। लोन कंपनी के द्वारा हमारे साथ फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसके साथ ही फोन के माध्यम से धमकाया भी जाता है। कंपनी ने हमारा जीना हराम कर दिया है। इतने लोन तो हमने लिए भी नहीं पता नहीं कहां से क्या-क्या बताते हैं।

### न्याय दिलाने एसपी से लगाई गुहार

सभी महिलाएं पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस मामले की गहराई तक जाकर हमें न्याय दिलाया जाए। यदि ऐसा ही बैंक के कर्मी धमकाते डराते रहेंगे तो हमें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके साथ ही महिलाओं ने बताया कि उनके महत्वपूर्ण दस्तावेजों को गिरवी रखकर ऐसी कपनियां लोन देती हैं और जिसकी साप्ताहिक और मासिक वसूली किस्तों में की जाती हैं। इन कपनियों का संचालन आदिवासी बाहुल्य जिले में कैसे हो रहा हैं इसकी जांच की मांग की गई हैं।

शिकायत करने के दौरान ममता बाई, रजनी बाई, मीरा बाई, रूपती बाई, रजनी बाई, मुल्लों बाई, कृष्णा बाई, सुनवती बाई, ऐतो बाई, लक्ष्मी बाई, देवकी बाई, अनिता बाई, पूजा बाई, फूलझार बाई, रेखा बाई, अहिल्या बाई, रामवती बाई, सुखिया बाई, मीना बाई, रज्जो बाई, राधा बाई, रूबी बाई, उर्मिला बाई, गायत्री बाई, सुकलिया बाई, रेवती बाई, फगनी बाई, रंजना बाई, बजरो बाई, सफुन बाई, कुसुम लता बाई, नीलू बाई, फिरती बाई, मीरा बाई, वर्षा बाई, रीता बाई, सुखिया बाई, सुकमिला बाई, रज्जों बाई, मीना बाई, राधा बाई, भागवती बाई, आरती बाई, पूजा बाई, शांति बाई, सुकमन बाई सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

### इनका कहना है:-

*खुडिय़ा ग्राम की कुछ महिलाओं ने शिकायत की है कि 10-12 माइक्रो फायनेंस बैंक के अधिकारी लगातार उनसे संपर्क कर रहे और अभद्र भाषा उपयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही जो लोन लिया गया है और नहीं भी लिया गया है उसे भी चुकता करने की बात कर रहे हैं। इन सभी तथ्यों की समीक्षा की जा रही है और इसके ऊपर शीघ्र ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।*

**-रजत सकलेचा,**
**पुलिस अधीक्षक, मण्डला**

## ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ चैकअप शिविर का आयोजन



*** जीवन शैली को लेकर दी गई सलाह।**

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शिवराज शाह 'शिवा भैया' ग्रामों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या हल करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और समय-समय पर जगह-जगह चौपाल लगाकर उन्होंने ग्रामीणों की समस्या हल भी किया है और लगातार ग्रामीणों की समस्या को हल करते नजर आते हैं इसी तारतम्य में विगत दिवस एकदिवसीय वेलनेस लविंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया इस आयोजन में स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवन शैली जीने के लिए क्या आयाम हो सकते हैं इसको लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध सीनियर वेलनेस कोच प्रद्युमन साहू एवं अति विशिष्ट अतिथि गोवर्धन साहू, मौजूद रहे। यह आयोजन कल्याण आश्रम बिछिया जिला मण्डला में आयोजित किया गय।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध सीनियर वेलनेस कोच प्रद्युमन साहू ने स्थानीय लोगों को को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सक्रिय जीवन शैली आज की बिगड़ते स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है बढ़ता हुआ वजन शरीर के लिए घातक है अच्छे खान-पान और जीवन शैली को कैसे सुधार सकते हैं इसकी पूरी जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों की बॉड़ी स्कैन किया गया शिवराज शाह के मार्गदर्शन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र ग्राम से सुदामा सिंह सिंग्राम, मोहन देव गोपाल शाह, अशोक नानकनी, विपिन राय, अजय पुरी गोस्वामी, विकास गोस्वामी, शोभित रावत, मंजू कछवाहा, उमा यादव, रजनी मरावी, निवेश शुक्ला, विश्राम कुशराम, संतोष सोनी, राजू यादव सहित लगभग 500 की संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

### रोड निर्माण एवं मेंटेनेंस संबंधी समीक्षा बैठक 3 मई को

**मण्डला।** जिले में प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्य, मेंटेनेंस कार्य एवं नवीन स्वीकृत प्रोजेक्ट एवं अन्य आवश्यक बिन्दुओं के संबंध में समीक्षा बैठक 3 मई 2024 को अपरान्ह 3:30 बजे से गोलमेज सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

# मण्डला पुलिस लाईन में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

*** पुलिस सम्मेलन एवं धन्यवाद समारोह का हुआ आयोजन।**

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला पुलिस लाईन में आज वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन मंडला पुलिस द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिता के तहत विभिन्न खेल जैसे क्रिकेट, वालीवॉल एवं 100 मी की दौड आदि खेल का आयोजन किया गया हैं। तड़के सुबह 06 बजे से स्टार्ट हुए क्रिकेट एवं वालीवॉल प्रतियोगिता में पुलिस अनुभाग नैनपुर, मंडला, निवास एवं बिछिया की टीम ने भाग लिया। जिसमें अनुभाग नैनपुर एवं मंडला की क्रिकेट टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फायनल में प्रवेश किया। टीमों के मध्य खेले गये फाईनल के रोमांचकारी मेच में पुलिस विभाग नैनपुर ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता को जीत लिया। नैनपुर टीम के कप्तान सुनील हटोले ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं वालीवॉल प्रतियोगिता में अनुभाग मंडला का दबदबा रहा एवं विजयी हुए।

### पुलिस सम्मेलन का आयोजन

खेल प्रतियोगिता के समापन पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन स्थित सामुदायिक भवन में करीब 150 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में समस्याओं को सुना। आयोजित सम्मेलन में उपस्थित पुलिस अनुविभाग के पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों से चर्चा कर पुलिस हेतु बेहतर सुविधाओं पर सुझाव व पुलिसिंग से संबंधित सामान्य विषयों से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लाईन में संचालित लर्निंग सेंटर का लाभ लेने एवं समर एक्टिविटी में पुलिस परिवार के लिए आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजन के संबंध में जानकारी दी गयी।

### विदाई समारोह का हुआ आयोजन

सामुदायिक भवन में पुलिस विभाग में अपनी लंबी सेवा देकर आज सेवा निवृत्त हुए 03 पुलिसकर्मियों हेतु धन्यवाद सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। सेवा निवृत्त उप निरीक्षक श्री मेर सिंह उईके, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल राय एवं प्रआर दिलीप उईके की पुलिस विभाग में अपनी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा पुलिस परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह भेट किये गयें। एसपी ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस के परिवार के सदस्यों का भी धन्यवाद किया, उन्होंने कहा की पुलिस विभाग में 35-40 साल की सफलतापूर्वक नौकरी परिवार के संबल का ही परिणाम हैं। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला, सभी अनुभाग के पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, प्रभारी कोतवाली, पुलिस कार्यालय के बल एवं सेवा निवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवार के लोग उपस्थित रहें।

## रेडक्रॉस तथा रोगी कल्याण समिति की आयोजित हुई बैठक

**मण्डला।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में रेडक्रॉस तथा रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे। जिला रेडक्रॉस समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि समिति के आय के स्त्रोत बढ़ाने का प्रयास करें। आय बढ़ाने में स्वास्थ्य विभाग भी अपना सहयोग प्रदान करें। रेडक्रॉस भवन की मरम्मत का एस्टीमेट बनाएं। संचालित वाहनों का बीमा कराएं। बैठक में अनुबंध के अनुरूप दुकानों के किराया में वृद्धि, वृद्धाश्रम के रखरखाव तथा सामग्री की उपलब्धता, दवा दुकान का आडिट कराने आदि के संबंध में भी समुचित निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

# नैनपुर स्टेशन में कोच गाइडेंस सिस्टम न होने से रेल यात्री परेशान

*** रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के लिए कभी कभी अलाउंस के माध्यम से कोच की जानकारी दी जाती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाला जबलपुर से गोंदिया के बीच महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम न होना व लगे होने के बाद भी बंद पड़े डिस्प्ले से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्षो बाद इन ट्रैकों पर यात्री गाडिय़ों के चलने के बाद आज दिनांक तक कोच गाइडेंस सिस्टम नहीं लगाया गया है। यहां संबंधित अधिकारियों का नजर अंदाज करना यात्रियों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है।

जानकारी अनुसार जबलपुर से गोंदिया के बीच महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में कोच गाइडेंस सिस्टम न होने से यात्रियों को निर्धारित कोच की जानकारी के लिए भटकना पड़ता है। कुछ स्टेशनों में अल्प समय के लिए एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज होता है। इसी बीच यात्रियों को निर्धारित कोच में अपनी सीट सुनिश्चित करने के लिए कोच तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। रेलवे के द्वारा स्टेशनों में अलाउंस के माध्यम से कोच की जानकारी दी जाती है, लेकिन शोरगुल व भाग दौड़ के चलते यात्री उन जानकारी को सुनने मे असुविधा होती है। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### बुजुर्ग और महिलाओं को हो रही रोज परेशानी

बिलासपुर जोन और नागपुर डिवीजन के आला अधिकारी तो एसी कमरों, एसी चार पहिया वाहनों, एसी कोचों में और एसी पांच सितारा होटलों में बैठकर कर रेलयात्रियों के लिए नित नई स्कीम कागजों में बनाते तो जरूर है और प्रचार प्रसार भी करते हैं, लेकिन एशिया के नेरोगेज के सबसे बड़े जंक्शन रहे नैनपुर स्टेशन में कोच डिस्प्ले सिस्टम ना होने से बुजुर्गों और महिलाओं को दौड़ लगाकर अपने डिब्बे तक जाना पड़ रहा है। जिससे काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

### कोच गाइडेंस सिस्टम लगने से रेल यात्रियों को होगा फायदा

इस सुविधा के उपलब्ध होने से यात्री गाड़ी आने के पूर्व ही निर्धारित कोच के सामने स्थान पर आकर सामान सहित चढऩे के लिए तैयार हो जाते हैं। प्लेटफॉर्म पर गाड़ी के समय भीड़-भाड़ एवं इधर-उधर जाने में होने वाली कठिनाई से बचा जा सकता है। कोच के सामने भीड़ को कम करने में काफी मदद होती है। विशेषकर रात्रि के समय डिजिटल प्रभावी कलर युक्त लाइट होने के कारण यह डिस्प्ले बोर्ड यात्रियों को दूर से ही दिख जाते हैं जिससे कोच तक पहुंचने में सुविधा होती है।

## शिकायत | ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर, एसपी और खनिज अधिकारी के पास

# रेत माफिया दे रहा जान से मारने की धमकी

*** ज्ञापन सौंपकर की कार्यवाही की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में रेत का अवैध खेल धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत के इस खेल में रेत माफिया अपनी दबंगाई दिखाकर जिले के कुछ क्षेत्रों में रेत का अवैध करोबार कर रहे है। जिले के विकासखंड घुघरी के ग्राम गरैया, पांडकला में रेत माफिया की दबंगाई से ग्राम के लोग आक्रोशित है। रेत माफिया के खिलाफ ग्रामवासियों ने मंडला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और खनिज विभाग को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार घुघरी क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन और रेत माफिया की दबंगाई से ग्रामवासी काफी परेशान है। घुघरी के ग्राम गरैया, पांडकला में रेत माफिया मनीष चौधरी द्वारा बुढऩेर नदी से अवैध रूप से रेत उत्खन्न किया जा रहा है। यदि क्षेत्र के लोगों द्वारा अवैध उत्खन्न के लिए मना करते है, तो रेत माफिया द्वारा स्पष्ट धमकी दी जाती है कि में हाईवा चढ़ाकर जान से मार दूगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाए है कि रेत माफिया मनीष द्वारा खुलेआम कहां जाता है कि इस रेत के खेल में सबको मैनेज किया जाता है, इसलिए मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है। नाम ना बताने की शर्त में घुघरी के ही एक जिम्मेदार व्यक्ति ने बताया कि इनके द्वारा खुलेआम अवैध रेत निकाली जाती है और अगर हम इन्हें मना करते है तो जान से मारने की धमकी दी जाती है। इसके साथ मीडियाकर्मियों को भी इनके द्वारा फर्जी प्रकरण में फंसाने की धमकी दी जा चुकी है। रेत माफिया द्वारा एससी, एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देता है।

### प्रशासन ने उचित कार्यवाही का दिलाया भरोसा

ग्रामीणों ने अवैध रेत खनन पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और खनिज विभाग के अधिकारी को इस रेत माफिया के खिलाफ आवेदन देते हुए मांग की है कि इस रेत माफिया पर कार्रवाई की जाए। इसके द्वारा ग्रामीणों को धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों की इस मांग पर प्रशासन ने अश्वासन दिया है कि जांच कर संबंधित पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है:-

*हमारे द्वारा आवेदन दिया गया है और मनीष चौधरी के द्वारा अवैध उत्खनन कर रेत निकाली जा रही है, जिसमें एक रायल्टी से दिन भर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। यदि हम लोग रोकते हैं तो जान से मारने की धमकी दी जाती है।*

**-अशोक अहिरवार,**
**पांडकला**

*हमारे द्वारा शिकायत की गई है और प्रशासन से मांग की हैं कि अवैध रेत माफिया और उत्खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें और मनीष चौधरी जिनके द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जाता है, इस पर भी कार्रवाई की जाए।*

**-विजय विश्वकर्मा,**
**ग्रामीण**

*रेत माफिया मनीष चौधरी के द्वारा पूरी दबंगाई के साथ अवैध रेत निकासी की जा रही है, और हम लोग विरोध करते हैं तो जान से मारने की धमकी के साथ हाईवा चढ़ाने की बात कही जाती है, जिससे हम लोगों को जान खतरा बना हुआ है।*

**-गगन नरते,**
**गरैंया**



## खबर संक्षेप

### शहर के हीरा ज्वेलर्स पर पहुंची आयकर विभाग की टीम

**गाडरवारा।** नगर में सनसनी का महौल उस समय बन गया जब नगर के हीरा ज्वेलर्स दुकान पर अचानक तीन गाडियों में आये हुये लोग प्रवेश करते हुये उनके कर्मचारियों सहित अन्य लोगों के फोन बंद कराते हुये मौजूद ग्राहकों को बाहर कर दिया। मगर इसके बाद धीरे से जानकारी मिली की बाहर से कोई जांच टीम आई हुई जो दुकान की जांच कर रही है जब कही नगर के लोगों की अटकी हुई सांसे फिर चलते हुये दिखाई पड़ी है। इस संबंध में मिल रही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नगरके हीरा ज्वलर्स के शोरूम में आयकर विभाग की 20 सदस्य की टीम ने दविश दी और जांच की गई। जानकारी के अनुसार गाडरवारा के बड़ा सराफा बाजार स्थित पुरानी गल्ला मंडी में हीरा ज्वेलर्स शोरूम में आयकर विभाग की 20 सदस्यों की टीम ने शोरूम में अचानक छापा मारा है। आईटी टीम ने दुकान संचालक व शोरूम कर्मचारियों के मोबाइल अपने पास जमा कर लिए हैं। आईटी टीम शोरूम में दस्तावेज खंगाल किये जाने की खबर है।

### सड़क किनारे लगे हुये शासकीय पेड़ बने विज्ञापन स्थल

**खुलरी।** जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा आये दिन पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये लोगों को पौधा रोपण करने का संदेश देने से नही चूकता है, मगर जो पेड़ इस समय हरे भरे हुये दिखाई दे रहे है उनके रख रखाब में प्रशासन द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाल स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा करेली राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर लगे हुये पेड़ो को देखते हुये अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इन शासकीय पेड़ो के प्रति प्रशासन कितना जागरूक है। क्योंकि मुख्य मार्ग किनारे लगे हुये इन पेड़ो को जहां संबंधित विभाग द्वारा रख रखाब के नाम पर मात्र साल भर में एक बार लाल रंग की गेरू व सफेद रंग का चूना से पुताई करने के बाद नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि यह शासकीय संपत्ति इस समय विज्ञापन पार्टियों के लिये प्रमुख स्थल बन चुके है और लोगों द्वारा मन मुताबिक इन पेड़ों के सीना में कील ढ़ोकते हुये धडल्ले से अपने विज्ञापन लगाने से नही चूक रहे है, इस प्रकार से पर्यावरण की रक्षा के लिये प्रमुख माने जाने वाले यह प्रकृति की धरोहर पूर्णरूप से विज्ञापन स्थल बनते हुये शासन प्रशासन द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिये दिये जाने वाले उस संदेश को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है?

### वाहनों में भी धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस का उपयोग

**चीचली।** जहां एक ओर लोगों को इस समय गैस प्राप्त करने के लिए परेशान होते हुए देखा जाता है। वही दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग प्रतिबंधित है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर में जहां खुलेआम घरेलू गैस को नियम विरूद्व तरीके से दुकानों पर व्यवसायिक रूप से उपयोग हो रहा है। इस बात की सच्चाई नगर में चल रही अनेक होटलों से लेकर अंडा दुकानों से लेकर शादी समारोहों में धडल्ले से घरेलू गैस का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है। मगर अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से सच्चाई का नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि नियम के अनुसार घरेलू गैस का उपयोग सिर्फ घर के रसोई घरों में ही किया जा सकता है। मगर प्रशासन की अनेदेखी का परिणाम है कि रसोई गैस सिलेण्डरों का उपयोग धडल्ले से इस समय चल रहे शादी सीजन के चलते शादी समारोहो से लेकर अन्य कार्यक्रमों में होने के अलावा सड़क किनारे चलने वाले चाय नास्ता सहित अंडा दुकानों पर तक धडल्ले किया करते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गैस चलने वाले वाहनों में तक इस प्रकार से गैस किटों में घरेलू गैस सिल्डरों के माध्यम से गैर पलटी करते हुये वाहनों को दौड़ाया जा रहा है।

# मजदूरों पर भारी पड़ रही मंहगाई की मार

## आज मजदूर दिवस पर भी दो वक्त की रोजी रोटी को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे अनेक दिहाड़ी







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

आज 1 मई को श्रम को अभिनंदन करने का उत्सव अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हैं। मगर गौर किया जावे तो इसके बाद भी अनेक मजदूर इस बात से अनविज्ञ होकर अपना व अपने बच्चों का पेट भरने को लेकर चिंता में नजर आने से नही चूक पा रहे है...? कहने को तो शासन द्वारा मजदूरों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। किंतु बिडम्बना की बात है कि उन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को आज भी मजदूरी करते हुये अपने बच्चों का पेट पालने के लिये मजबूर होना ही पड़ता है तो अपात्र जरूर अधिकारियों की मिली भगत से इन योजनाओं को लाभ लेते हुये माला माल होते चले जा रहे है..? जबकि हर साल मजदूर दिवस पर शहर और क्षेत्र के मजदूरों की मेहनत को सराहने वाले आयोजन कराने में प्रशासन उदासीनता का परिचय देता है। जिसका नतीजा है कि 1 मई मजदूर दिवस पर भी श्रमिक अवकाश का आनंद उठाने की जगह जहां तहां भवन निर्माण कार्यो से लेकर मिलों व बाजारों में कड़ी मशक्कत कर अपना पसीना बहाते हुए दिखाई देने से नही चूकते है और शायद ही इस बात का किसी मजदूर भाई को पता रहता हो कि आज उनका ही दिवस है। बैसे भी देखा जावे तो बीते हुये कुछ वर्षो से देश में कोरोना के प्रकोप से जिस तरह महगांई ने गति पकड़ी है वह रूकने का नाम ही नही ले रही है जिसके चलते गरीब परिवारों के लिये अपने बच्चों का दो वक्त का पेट भरना मुश्किल होने लगा है। भले की कोरोना महामारी से काफी हद तक देश को निजात मिल चुकी है। मगर कोरोना की आड में दुकानदारों द्वारा जिस तरह जरूरी सामग्री के दामों में इजाफा किया गया था वह आज भी उससे आगे की ओर अग्रसर होते हुये देखा जा रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि शासन द्वारा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। मगर इसके बाद भी मजदूरों की सूरत बदलते हुये शायद इसलिये दिखाई नही दे पा रही है। क्योंकि उन योजनाओं का लाभ पात्र माने जाने वाले लोगों को जानकारी के आभाव में शासन की योजनाओं का लाभ मिल ही नही पाता है, जिसके चलते शासन का मजदूरों के नाम पर पैसा तो जरूर खर्च हो रहा है। मगर अपात्र मजदूर बनकर योजनाओं पर अपना कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो बीते हुये कुछ वर्ष पहले मजदूरों के नाम पर अनेक प्रकार की योजनाओं की शुरूआत हुई थी और उनके संचालन होने के बाद भी मजदूरों की स्थिति जहां की तहां दिखाई देने से नही चूक पा रही है और आज मजदूर दिवस के मौके पर शायद ही किसी मजदूर को इस बात की जानकारी हो की आज मजदूर दिवस है और वह रोज की तरह तेज धूप की तपन के बीच अपने बच्चों का पेट भरने के लिये सड़को पर हाथ ठेला तो मकानों की दिवारों पर जान जोखिम में डालते हुये काम करते हुये दिखाई दे रहा होगा। मगर इसके बाद भी जब शाम के वक्त दिन भर जी तोड़ मेहनत करने के बाद मजदूर अपनी मेहनत का फल लेने पहुंचता है तो वह भी समय पर मिलने की संभावना कम ही लगने से नही चूकती है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि इन गरीब मजदूरों से काम लेने वाले लोगों द्वारा मजदूरों को एक कप चाय पिलाने की जगह उनसे उम्मीद करते हैं कि वे अपनी मजदूरी के पैसे न माँगे और इस स्थिति में भी लोगों द्वारा मजदूरों को काम के बदले में पैसा देने की बात पर एक दो दिन के बाद ले लेना जैसे शब्दों का संबोधन करते हुए टरकाने से नही चूकते है? गौरतलब है कि शहर में बीड़ी मजदूरों की तादाद अधिक होने के साथ साथ अन्य जगहों पर चल रहे कार्यो के लिए नगर सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों वर्षो से जहां तहां काम करते हुए देखा जाता है जिन्हे भीषण महँगाई के दौर में पर्याप्त मजदूरी, चिकित्सा सुविधा नही मिल पा रही है। वही दूसरी ओर मंडी में काम करने वाले हम्माल हो या फिर ठेला चालक तथा अन्य काम कर अपनी जीविका चलाने वाले मजदूरों हकीकत यह है कि उनकी तरक्की में जालिम समय बाधक बना हुआ है? पहले की अपेक्षा उनकी मजदूरी में बढ़ोत्तरी अवश्य हुई है पर अधिकतर मजदूरों के बच्चे शिक्षित नही हो पा रहे है और वे आज भी जर्जर आवासों में रहकर अपनी जिन्दगी काटते हुए देखे जा रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अच्छा रहन सहन व आधुनिक सुविधाएॅ तथा बेहतर वातावरण की विशेषताएॅ क्या होती है इससे प्रायः अंजान मजदूरो की नियति में शामिल हो चुका है? वही लगातार हाड़ तोड़ मेहनत कर किसी तरह गृहस्थी की गाड़ी खीचना उनकी जिन्दगी की एक दिनचर्या बन चुका है। इसी के चलते शायद ही किसी मजदूर को यह पता हो कि आज मजदूर दिवस है और उन्हें इस बात का अहसास करने वाला भी शायद कोई नही होगा जिसके चलते आज भी अनेक मजदूर रोज की तरह काम करते हुए देखे जा रहे है। जाहिर है मजदूरों की यह दशा समय के हिसाब से ठीक नहीं है। वही दूसरी ओर यदि ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर डाली जावे तो पंचायतों द्वारा मजदूरों से पंचायत के विकास कार्यो में काम जरूर लिया गया है मगर अनेक पंचायतों द्वारा इन मजदूरों को भुगतान नही किये जाने के कारण वह परेशान होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि लोगों द्वारा मजदूरों से मेहनत कराने के बाद उनका पैसा देने में भी इस प्रकार से परेशान किया जाता है जिसके उदाहरण अनेक जगहों पर देख्नने आसानी से मिल जाते है? इस प्रकार लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में फैशन परस्ती पैसे की मारा मारी, बाजारी करण के चल रहे दौर भी मजदूरों की अपेक्षाएॅ सीमित हैं। किंतु दुर्भाग्य पूर्ण सच्चाई है कि काम लेते वक्त जिस तरह मजदूरों की मनुहार की जाती है। वह काम निकलते ही खत्म हो जाती है और लोगों के ओटो से मजदूरों की सराहना के दो बोल भी नहीं फूटते, इससे ऐसा लगता है कि अधिकतर व्यक्ति श्रम का सम्मान नही करना चाहते और मजदूरों की समस्याओं की तह में नही जाकर मजदूरों का इस्तेमाल केवल लोहे की मशीनों की तरह करना चाहते है? कहने को तो सरकार द्वारा मजदूरों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की बात कही जाती है। मगर शासन द्वारा मजदूरों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं का इन मजदूरों को कितना लाभ मिल रहा है शायद ही इस बात की खबर कोई लेने वाला हो? जिसके चलते मजदूरों की योजनाओं पर पूंजीपति जरूर माला माल होते हुए देखाई दे रहे है और मजदूरों की स्थिति जहां की तहां दिखाई देते हुए जान पड़ रही है?




## सांईखेड़ा पुलिस की सूचना पर वन विभाग द्वारा आल्टो कार से सागौन की तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ने में हासिल की सफलता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र में जिस तरह सफेद पोशों द्वारा आमजन के बीच जहां अपने आपकों समाजसेवी बताते हुये बड़ी बडी बाते करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर उनके द्वारा इस समाजसेवा के पीछे क्या कृत्य किये जाते है यह सच्चाई किसी से छिपी नही है? यदि इन लोगों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र में फैली हुई हरियाली की चादर को किस तरह बर्बाद किया जा रहा है। इसकी सच्चाई आये दिन वन विभाग द्वारा पकड़े जाने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों द्वारा किये जाने वाले लकड़ी के परिवहन के रूप में देखने मिलती रहती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये मंगलवार को उस समय देखने मिल जब वन विभाग की टीम द्वारा रायसेन जिले से अवैध रूप स एक युवक को अपनी कार में भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी की तस्करी करते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि वन विभाग को सांईखेडा पुलिस की माध्यम से सूचना मिली की रायसेन जिले से एक कार में भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी भरकर लाई जा रही है। इस सूचना पर वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सुनील वर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर सूचना के आधार पर जब संदिग्ध बन चुकी हुई कार क्रमांक एम पी 09 एच सी 5477 को रोकते हुये उसकी जांच की गई तो कार के अंदर भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी पाये जाने पर वन विभाग की टीम द्वारा कार सहित सागौन की लकड़ी को जप्त करते हुये कार्यवाही शुरू की गई है। इस संबंध्या में एससीडीओ वन विभाग सुनील वर्मा का कहना है कि हमारे द्वारा सांईखेडा पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर जब मैने अपनी टीम के माध्यम से छापा मारते हुये आल्टो कार की तलाशी ली गई तो उसके अंदर सागौन की लकड़ी पाये जाने पर कार तथा उसके चालक सहित सागौन की लकड़ी को जप्त कर लिया गया है तथा कार चालक द्वारा पूछताछ के दौरान अभी तक सिर्फ यही बताया है कि वह रायसेन जिले से लेकर सांईखेडा में किसी के यहां देने के लिये आया हुआ था। अभी जांच जारी है वह किसके कहने पर लाया था इस बात का पता जांच के बाद ही चल पायेगा।

## समाजसेवी मुकेश बसेडिया की पहल से राहगीरों को मिलेगा गुड़ चना व शीतल जल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




भीषण गर्मी हो या फिर हो बरसात व हाड कांपने वाली ठंड क्यों ना हो सभी मौसम में लोगों की मदद के लिये सबसे आगे खड़े रहने वाले मुकेश बसेड़िया गाडरवारा ही नही बल्कि आसपास के क्षेत्र में जब किसी असहाय और ज़रूरतमंद की मदद की जब बात आती है तो गाडरवारा के समाजसेवी मुकेश बसेडिया हमेशा वहां आपको खड़े देते है...? अब गर्मी के मौसम में भला आपको गाडरवारा शहर में ठंडा पानी ना मिले ऐंसा मुकेश बसेडिया के रहते नही हो सकता। बीते हुये मंगलवार को नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गुड़ चना के साथ प्याऊ शुभारंभ नगर के मुख्य मार्ग शासकीय चिकित्सालय रोड रेवाश्री बुक्स के सामने तथा नगर की नर्मदा कालोनी में किया। इस दौरान सर्व प्रथम कन्याओ का पूजन कर उन्हें वस्त्र एवं पठन लेखन सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लेने के बाद प्याऊ का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में तथा राजेन्द्र राजोरिया , शिव कुमार कौरव अरुण तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ शास्त्री जनो पं बालाराम शास्त्री, प्रसिद्ध कथा वाचक पँ हिमांशु तिवारी, पँ प्रवीण व्यास, मनोज द्विवेदी, पं विश्वनाथ शास्त्री,पं भगवान प्रसाद चौबे, पं विनय दुबे,पँ शिवम भार्गव, पँ अमित चौबे ने उपस्थित होकर वैदिक मंत्रों से वरुण देवता का आवाहन एवं देवी पूजन किया। विदित हो कि प्याऊ के शुभारंभ के साथ ही बसेडिया ने सर्व मंगल कामना हेतु भगवान श्री परशुराम जी की तपस्थली टांगिनाथ धाम झारखण्ड के वन प्रदेश में फरसा स्थल हेतु ध्वज यात्रा का शुभारंभ भी किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्रजनों ने स्वस्ति वाचन कर ध्वज पूजन करते हुए यात्रा की शुभकामनाएं प्रदान की । कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र राजोरिया आदि ने संबोधित कर जलसेवा के साथ साथ झारखंड ध्वज यात्रा की शुभकामनाए प्रदान कर श्री बसेडिया के सेवा कार्यो की सराहना की । मां विजयासन कृपा से गुड़ चना युक्त जल सेवा वैशाख माह व जेठ माह में अनवरत चलती है। उपरोक्त गुड़चना युक्त प्याऊ के संबंध में श्री बसेड़यि का कहना है कि किसी एक व्यक्ति ने भी भूख मिटाकर जल ग्रहण किया तो ये सेवा सफल व सार्थक होगी कार्यक्रम में पत्रकार लालसाहब कौरव, वरिष्ठ शिक्षक सिराज अहमद सिद्दकी, मधुसूदन पटेल, प्रिंस बसेड़यि, तनुश्री बसेड़यि, कीर्ति विश्वकर्मा, आरती कहार ,आरती ठाकुर, घन श्याम पाली , गोलू यादव के आलवा अन्य नागरिकों के साथ माँ विजयासन इंस्टीट्यूट के स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत मे सभी आगंतुकों को सतुआ प्रसादी का वितरण किया गया । उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 से ग्रीष्म ऋ्तु में गुड़ चना युक्त प्याऊ की जल सेवा का संचालन बसेडिया द्वारा लगातार किया जा रहा है।

## गायब हुई नाबालिग किशोरी को खोजने में सफल हुई पुलिस, मगर दो ताराधारी अधिकारी की फोटो बन रही चर्चा का विषय

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान "आपरेशन मुस्कान" के तहत थाना गाडरवारा पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी है जिसके चलते अपहता 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को हरदा से किया गया दस्तयाब। बताया जाता है कि अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले सभी थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित कर जिला अंतर्गत अपहत नाबालिग बालिकाओं के प्रकरणों की समीक्षा उपरान्त नाबालिग बालिकाओं की पतासाजी कर दस्तयाब करने हेतु आपरेशन मुस्कान" चलाया जाकर जिला अंतर्गत अपहरण के प्रकरणों में कार्यवाही हेतु विशेष टीमों का गठन किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। प्रार्थी द्वारा थाना गाडरवारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 साल 09 माह की लड़की बिना बताए कहीं चली गयी है। आस-पास एवं अन्य रिश्तेदारों के यहां बहुत तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला है। प्रार्थी द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहल-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट थाना में अपराध क्रमांक 422/2024 धारा 363 भारतीय दंड विधान का कायम कर विवेचना में लिया गया। इस तरह गायब हुई नाबालिक बालिका की तलाश हेतु गठित की गयी टीम द्वारा स्थानीय स्तर पर पतासाजी उपरान्त जानकारी प्राप्त करने हेतु तकनीकी माध्यमों से जानकारी प्राप्त की गयी एवं क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रीय किया गया। जिसके परिणाम स्वरुप सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहता थाना छीपावढ़ जिला हरदा, मध्य प्रदेश में हैं। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा जिला हरदा पहुँचकर अपहता को को थाना छीपावढ़ जिला हरदा से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई। अपहत नाबालिक बालिका की दस्तयाबी में एस.डी.ओ.पी. रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश तिवारी के साथ उप निरीक्षक नीलेश बड़कुर, उनि मनीषा लिल्हारे, आरक्षक राजकुमार, महिला आरक्षक आरती राजपूत, ज्योति दुबे की सराहनीय भूमिका रही है। इस तरह गायब हुई नाबालिग किशोरी को खोजने में सफलता पाने वाली टीम में शामिल एस आई द्वारा जिस तरह खुलासा के दौरान जो फोटो निकलवाई गई है वह चर्चा का विषय बनते हुये पुलिस के अनुशासन पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रही है? क्योंकि दो ताराधारी अधिकारी पुलिस थाने के सामने वर्दी धारण करते हुये फोटो निकलवाते हुये तो देखे जा रहे है। मगर उनके सिर से जिस तरह टोपी गायब नजर आ रही है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अनुशासनहीनता का प्रमाण उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है? जबकि पुलिस अनुशासन के नियम के अनुसार बताया जाता है कि जब कोई भी अधिकारी पुलिस थाने में मौजूद रहने के दौरान वर्दी धारण किये होता है तो उसके सिर पर टोपी होना जरूरी माना जाता है? मगर अपनी सफलता को लेकर यह दो ताराधारी अधिकारी खुशी में इतने मग्न नजर आ रहे है कि वर्दी के साथ उनके सिर से टोपी गायब नजर आना आमजन में चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है?

## नगर की अनेक कालोनियों में खाली प्लांटों में एकत्र हो रही गंदगी से परेशान, सांस लेना हो रहा दुभर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



नगर के अंदर धनपतियों द्वारा अपने पैसों की दम पर जहां तहां प्लांट तो खरीद लिये गये है। मगर इसके बाद उन पर किसी भी प्रकार को निर्माण नही होने के कारण अब वह खाली पड़े हुये प्लांट आमजन के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि इन प्लांटों की न तो किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा की जा रही है और नही उन का उपयोग होने की स्थिति में यह खाली पड़े हुये प्लांटों पर जिस तरह गंदा पानी व कचरा एकत्र हो रहा है उसके चलते कालोनी में निवास करने वाले लोगों का सांस लेना भी दूभर होते हुये दिखाई पड़ रहा है। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा समय समय पर उजागर किये जाने के बाद भी इस ओर न तो प्लांटों के मालिकों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई ध्यान दिया गया है और न ही जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर में अनेक कालोनिया गंदगी से बजबजाते हुये देखी जा रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई शहर के इन्द्रावार्ड के अंतर्गत आने वाले त्रिवेदी कालोनी सहित अन्य कालोनियों में देखने मिल रही है जहां पर अनेक स्थानों पर खाली पड़ी हुई जगह पर लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी भरा होने के कारण अनेक प्रकार के मच्छर सहित जहरीले जींव जन्तु जन्म ले रहे है। वही दूसरी ओर कचरा पड़ा होने से उससे निकलने वाली दुर्गन्ध से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। कभी कभी स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिलती है कि खाली जगह पर अधिक पानी एकत्र हो जाने के कारण यह गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने से भी नही बच पाता है। इस संबंध में वार्ड के निवासियों का कहना है कि इस परेशानी को लेकर हमारे द्वारा अनेकों बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। मगर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। कुछ इसी प्रकार से वार्ड के टीकाराम का कहना है कि खाली जगहों पर एकत्र हो रहे गंदे पानी के कारण लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घर के अंदर भी सांस लेना दूभर हो चुका है। इस संबंध में अनेकों बार नगर पालिका सहित अन्य अधिकारियों को अवगत कराते हुये कार्यवाही की मांग किये जाने के बाद भी आज तक किसी के द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया है। इस स्थिति में त्रिवेदी कालोनी सहित नगर के अन्य कालोनियों के लोग नरक जैसी जिन्दगी जीने के लिये मजबूर हो चुके है। जबकि नियम के अनुसार यदि कोई व्यक्ति किसी जगह पर कोई जमीन व प्लांट खरीदता है तो उसके रख रखाब से लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारी प्लांट मालिक की होती है कोई जगह शासकीय होती है तो उसकी जिम्मेदार संबंधित विभाग की होती है, मगर यहां पर खाली पड़ी हुई जगह जिस प्रकार से गंदगी से सराबोर हो रही उस ओर न तो उसके मालिकों द्वारा किसी तरह से ध्यान दिया जा रहा है और नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कालोनी के लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई



**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत 3 शिक्षक 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए जिन्हें जनपद शिक्षा केन्द्र कार्यालय में सामूहिक रूप से विदाई दी गई। जिनमें अंगद सिंह मरावी जनशिक्षक संकुल सक्का, खिल्लू सिंह तेकाम सहायक शिक्षक बिजौरी एवं दुर्गा सिंह परस्ते शिक्षक सैटेलाइट शाला चटिया जिन्हें कार्यालय की समस्त स्टाफ द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। उनके परिजनों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ अपने घर लेकर गए। वहीं खिल्लू सिंह तेकाम द्वारा 41 वर्षों तक विभाग को अपनी सेवाएं दी और निर्विवाद सेवाओं से प्रसन्न नजर आए इस मौके पर अपने इष्ट मित्रों को शाम को भोजन में आमंत्रित किया। आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी व्ही के चिचाम, सुरेश किशोर दुबे एवं समस्त कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य बजाग का निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य बजाग का निरीक्षण किया। मरीजो से उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना। उन्होंने अधिकारियों से दवाइयों की उपलब्धता, आपूर्ति, स्वास्थ्य परीक्षण सुविधा का जायजा लिया। साथ ही निर्देशित किया कि बदलते मौसम के साथ बिमारियों में वृद्धि होती है, इसलिए पहले से ही स्वास्थ्य टीम सतर्क रहे। गर्मियों में पानी की कमी से कई रोग उत्पन्न होते हैं, इसलिए व्ै और अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके रखें। जिससे मरीजों का समय पर उचित उपचार किया जा सके। कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनके उचित उपचार करें। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराएं और महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर सूरजमुखी पद्धति के माध्यम से बच्चों को कुपोषणमुक्त बनाएं।

### शहपुरा तहसील में भृत्य पद पर पदस्थ रहे राजेंद्र बर्मन हुए सेवानिवृति



**शहपुरा।** आपको बता दे की डिंडोरी जिला के शहपुरा तहसील में भ्रत्य के पद पर पदस्थ राजेंद्र बर्मन दादा के सेवानिवृति पर आज शहपुरा नायब तहसीलदार शैलेश गौड़ ने सम्मान सहित खुद कार ड्राइव कर घर तक विदा किया। जिसमें डिंडोरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने भी सराहना की।

### आम के पेड़ से गिरने से बालिका की मौत

**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम मटियारी में आम के पेड़ से गिरने से घायल बालिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे ग्राम मटियारी निवासी घनश्याम उद्दे की छह वर्षीय बच्ची अंजलि उद्दे बच्चों के साथ आम के पेड़ पर चढ़कर खेल रहे थे तभी अंजलि का संतुलन बिगड़ा और वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आपातकालीन वाहन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंच गई और घायल बच्ची को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान शाम को बच्ची ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने इसकी जानकारी मेंहदवानी पुलिस को दी।

## 2017 में स्वीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के उपयोगिता को लेकर संशय

# नर्मदा शुद्धिकरण के दावे सरकारी पाखंड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के औचित्य पर प्रश्नचिह्न...?

### शहर के 15 वार्डो में सीवेज लाईन से घरों की निकासी की लाइन जोड़ना बड़ी चुनौती



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश की जीवन रेखा माने जाने वाली, हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था और श्रद्धा की केंद्र पतित पावनी माँ नर्मदा में दिनों दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा हैं, सूबे के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सरकार ने नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान नर्मदा संरक्षण के बड़े बड़े वादे और दावे करते हुए चंद दिनों में ही प्रदूषण नियंत्रण हेतु ठोस कदम उठाने की बाते कही गई थी, लेकिन आज भी सरकारी वादे और दावे प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर महज दिखावा और पाखंड साबित हो रहा हैं।

#### सात गंदे नालों के जरिए नर्मदा में मिल रहा दूषित जल-मल

काफी लंबे समय से शहर वासियों के निस्तार और सीवेज का दूषित पानी नालियों के जरिये नर्मदा में प्रवाहित हो रहा है,जिसे नियंत्रित करने हेतु 2017 में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण हेतु लगभग 33 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था, जिसकी लागत वर्तमान में दोगुनी हो चुकी हैं लेकिन प्रदूषण के हालात जस के तस है। वही जानकारों की माने तो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में नाला बंद करने का प्रावधान नहीं है, ऐसे में सिर्फ पाइप लाइन बिछा देने से नर्मदा में हो रहे प्रदूषण रोकना और शुद्धिकरण के दावे खोखले नजर आ रहे हैं।

#### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के औचित्य पर प्रश्नचिन्ह

नगर के 15 वार्डो के मुख्य मार्गो समेत छोटी गलियों को खोदकर पाइपलाइन बिछाया गया है, इस दौरान ठेकेदार के द्वारा नवीन सड़को को खोदकर पाइपलाइन डाला गया है, मार्गो पर पाइप लाइन का कार्य फिलहाल प्रगति पर है लेकिन ठेकेदार के कार्यप्रणाली और योजना की गतिविधियों का नजदीक से परिणात्मक अध्ययन करने पर सीवेज ट्रीटमेंट से स्वच्छता के दावे विफल होते हुए नजर आ रहे है।

#### मुख्यलाईन से घरों का कनेक्शन जोड़ना असंभव



सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के तहत घरों के सामने मुख्य मार्गो में पाईप लाइन डाला गया है, जबकि यहाँ अधिकांश घरों में शौचालय एवं निस्तार का पानी निकालने की व्यवस्था मकानों के पीछे की तरफ से है, ऐसे में नगर वासियों का मानना है कि घर के पीछे से सीवेज टैप करने के लिए घरों को खोदना पड़ेगा जो संभव नहीं है, ऐसे में आने वाले दिनों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट महज मुह जुबानी विकास साबित हो सकता है जिसका लाभ नगरवासियों को मिलना मुश्किल होगा।

#### एनजीटी के निर्देशों का नही हो रहा पालन



राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने नर्मदा प्रदूषण नियंत्रण हेतु विकासशील आदेश पारित करते हुए सूबे के मुख्य सचिव से लेकर प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन, कलेक्टर, एवं सीएमओ को तमाम तरह के निर्देश दिए थे, प्रशासन ने एनजीटी को गुमराह करते हुए 23 सितंबर 2023 तक नर्मदा में मिल रहे ठोस अपशिष्ट को रोक लगाने की बात पेश जवाब में की थी, परन्तु तय समय सीमा गुजरने के 7 माह बाद भी हालत पहले से अधिक बदतर हो गए हैं। एनजीटी में याचिका दर्ज कराने वाले अधिवक्ता सम्यक जैन ने कलेक्टर विकास मिश्रा को पत्र लिखकर अधिकारी कर्मचारी व ठेकेदार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है। वही अधिवक्ता से बात की गई तो उनका कहना है कि जल्द ही एनजीटी में अवमानना याचिका दायर करेंगें।

## पानी की समस्या के चलते खाली बर्तन लेकर सड़क पर बैठे ग्रामीण

**मेंहदवानी।** ग्राम पंचायत की लापरवाही के चलते ग्राम पंचायत मुख्यालय मटियारी में विगत कई महीनों से पानी की समस्या बनी हुई है लोगों को पीने का पानी भी नसीब हो रहा है।इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत मटियारी के जिम्मेदारों को बार बार अवगत कराया गया परन्तु समस्या जस के तस बनी हुई है। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत मटियारी में पानी की टंकी का निर्माण किया जा चुका है एवं पाइप लाइन बिछा दिया गया है परन्तु पानी की टंकी में पानी नहीं भर पा रहा है जिसके चलते लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।



#### सरपंच के घर के सामने सड़क जाम

पानी की समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सरपंच के घर के सामने ही मेंहदवानी चकदेही सड़क मार्ग पर खाली बर्तन रखकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया जिससे आवागमन रूक गया और दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई।

#### सरपंच की समझाइश पर हटे ग्रामीण

मेंहदवानी से निवास बबलिया मार्ग पर मटियारी में सड़क मार्ग जाम की जानकारी लगते के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने ग्राम पंचायत मटियारी के सरपंच गुलाब सिंह की समझाइश पर ग्रामीणों ने सड़क मार्ग से खाली बर्तन हटाकर मार्ग में आवागमन शुरू होने दिया।

## लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी, पुलिस के हाथ खाली सीसीटीवी फुटेज फिर भी पुलिस के हाथ खाली

शहपुरा

थाना क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है। कभी शहरी क्षेत्र तो कभी ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से लगातार बाइक की चोरी हो रही है। बावजूद अबतक पुलिस के हाथ खाली हैं। एक भी बाइक चोर अबतक पुलिस के गिरफ्त में नहीं आया है। जिससे पुलिस की नाकामी साफ झलकती है। वहीं चोरों का हौसला दिन-प्रतिदिन बुलंद होता जा रहा है। जिससे बाइक मालिकों में निराशा के साथ हड़कंप भी है। बता दें कि थाना क्षेत्र में चोर गिरोह पुनः सक्रिय दिखा। एक बार फिर बाइक चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए शहपुरा नगर शारदा चैक में बड़ी आसानी से बाइक चोरी हुई, ऐसा ही कुछ दिन पूर्व मां शारदा टेकरी शहपुरा नगर में जेबरातों की चोरी का मामला सामने आया था जिसमें सीसीटीवी कैमरे में फोटोस होने के बाद भी पुलिस अभी तक उन चोरों की पता नहीं लगा पाई है आखिर पुलिस गस्ति के बाद भी ऐसी वारदात कैसे घट रहे हैं। जानकारी के अनुसार विगत 2 वर्षो के भीतर शहपुरा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लगभग कई दर्जन बाइक की चोरी हो चुकी है। चोर गिरोह द्वारा कहीं रात के अंधेरे में तो कहीं दिनदहाड़े आंखों के सामने चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।




ऐसा ही मामला अभी बाइक चोरी की फिर से आई है जो की शहपुरा नगर के वार्ड क्रमांक 11 युवक सुभाष सोनी के घर के सामने से एक बाइक को चोरों ने हाथ की सफाई करते हुए बड़ी आसानी से चोरी कर ली अभी तक पुलिस चोरों की पता नहीं लगा पाई है ऐसे ही कई बाइक की चोरी जैसे मामले सामने आ रहे हैं लेकीन शहपुरा पुलिस इन चोरों को पकड़ने में अभी भी नाकाम है।

## शहपुरा में उमरिया नाका चौराहा बना अघोषित बस स्टैंड, यातायात हो रहा बाधित

### उच्च अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई





**शहपुरा।** जिले के शहपुरा तहसील मुख्यालय में उमरिया नाका चैराहे के पास अघोषित बस स्टैंड बना हुआ है। यहां पर प्रतिदिन बस चालकों के द्वारा सड़क पर ही बस खड़े कर देते हैं और सवारियां भरते रहते हैं। जिसके कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है इससे हाईवे पर आने जाने वाले राहगीरों वाहन चालकों सहित अन्य आपातकालीन वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी कई बार जिले के उच्च अधिकारियों को फोटो वीडियो के साथ दी गई। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगता है कि प्रशासनिक अमला भी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?वहीं उमरिया नाका से उमरिया रोड की तरफ भी सड़क के दोनों और बसें खड़ी रहती हैं जिससे भी यातायात बहुत प्रभावित होता है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी समुचित व्यवस्था की जाए एवं बस चालकों को समझाइश दी जाए। जिससे कि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे।

## चरित्र संदेह को लेकर पति ने पत्नी की हत्या कर खेत में फेका शव

### अमरपुर चैकी अंतर्गत अमदरी का मामला

**डिंडौरी।** 29 अप्रैल को दोपहर 2.00 बजे खेत में महिला की शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुई थी, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मृतिका का शिनाख्त कर गंभीरता से जाँच में की गई। गंदिया बाई धुर्वे पति जोहान सिंह उम्र 45 वर्ष निवास अमदरी अमरपुर का शव खेत में संदिग्ध मिला था,जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 302 ता.हि का प्रकरण दर्ज किया गया।



पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी महोदय बजाग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समनापुर कामेश धूमकेतु, चैकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा द्वारा जांच हेतु तत्काल रवाना हुए, आरोपी जोहान सिंह धुर्वे पिता बसोर धुर्वे द्वारा पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर शक करता रहता था, पति ने विवाद के दौरान गला दबाकर हत्या कर दिया, जिसे पुलिस द्वारा गिरफतार कर न्यायलय पेश किया गया। मामले की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी समनापुर कामेश धूमकेतु चैकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा, एएसआई खेत सिंह मरावी, साधु धुर्वे प्रधान आरक्षक कृष्णपाल ,संतोष धुर्वे ,भारत बसंत शामिल रहे।

## मेकलसुता कॉलेज परिसर में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

**डिंडौरी।** 12वीं के छात्रों को एक सही दिशा में उचित कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन हेतु कैरियर काउंसलिंग में विभिन्न विधाओं के बारे में विषय विशेषज्ञों के द्वारा जानकारी दी गई। उक्त काउंसलिंग में मेडीकल, इंजीनियरिंग, कला, लोकसेवा, तकनीक, प्रबंधन, कानून, आदि विधाओं के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया गया। कार्यक्रम के संयोजन उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.के.द्विवेदी एवं आयोजन मेकलसुता कॉलेज के प्राचार्य श्री बी.एल.द्विवेदी ने किया।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों को आत्म मूल्यांकन कर एक सही कैरियर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप अपने स्वयं का मूल्यांकन अपनी अभिक्षमता को समझकर करें जिससे भविष्य के लिए कैरियर निर्धारण करना आसान होगा। अपनी कमजोरी और ताकतों को समझते हुए अवसरों का लाभ उठाएं। अपने आपको समय दें और स्वयं को समझें। अपनी हॉबी पर ध्यान देते हुए मार्ग की बाधाओं से बचें। एक स्मार्ट नीति अपनाते हुए पढाई के दौरान होने वाले दबाव को कम करने का प्रयास करें। तथा अपनी गलतियों से सीखें जिसके लिए एक नियमित दिनचर्या और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें।

संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी ने विद्यार्थियों को लोक सेवा आयोग के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि लोक सेवा आयोग की परीक्षा कोई भी व्यक्ति 21 वर्ष की आयु और किसी भी स्नातक डिग्री के बाद दे सकता है। जिसमें तीन चरण प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार होते हैं। जिसके बाद विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों में प्रशासनिक जिम्मेदारी प्राप्त होती है। इस परीक्षा में सफलता के लिए धैर्य और संयम के साथ तैयारी आवश्यक है।




नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियर श्री आयुष मिश्रा ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि गणित विषय के छात्र 12वीं के बाद जेईई परीक्षा में बैठकर आईआईटी, आईआईएसईआर, एनआईटी, आईआईएसटी एवं अन्य इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पा सकते हैं। इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। और क्षेत्र विशेष में शोध कार्य भी किए जा सकते हैं।

नागपुर से कैरियर काउंसलर एवं प्रशिक्षक वैष्णवी डॉर्लीकर ने विद्यार्थियों कोे ज्म्ड तकनीक के बारे में बताया। जो कि विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और प्रबंधन को इंगित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता और कमियों पर काम करते हुए अवसर पैदा करने के लिए मार्गदर्शित किया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कैरियर विकल्पों के अलावा भी विभिन्न क्षेत्र जैसे होटल मैनेजमेंट, मानव संसाधन आदि क्षेत्रों में कैरियर बनाया जा सकता है। जिसके लिए एक उचित रणनीति पर कार्य करना आवश्यक है।

जिले के प्रतियोगी परीक्षा के मार्गदर्शक श्री मनोज चैकसे ने विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के बाद सरकारी क्षेत्र में मौजूद विकल्पों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा के बाद भी सरकारी नौकरियों में एसएससी, रेल्वे, पोस्ट ऑफिस आदि विभागों में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त करने पर कैरियर के बहुत से विकल्प खुल जाते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकता है। जिसमें सामान्य ज्ञान, गणित, और रीजनिंग आवश्यक विषय होते हैं। मेकलसुता कॉलेज के उप प्राचार्य दीक्षित ने विद्यार्थियों को कला क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया उन्होंने बताया कि कला क्षेत्र से लोक सेवा स्कूल शिक्षक, कॉलेज प्रोफेसर, पुरातत्ववेदा, भूगर्भशास्त्री जैसे क्षेत्रों में उज्जवल भविष्य की संभावना होती है।

एलडीएम रविशंकर ने विद्यार्थियों को बैंकिग क्षेत्र में कैरियर बनाने से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंकिग परीक्षाओं के लिए अंग्रेजी, गणित, रीजनिंग और सामान्य जागरूकता आवश्यक होती है। जिसे निरंतर प्रयास से पूर्ण किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त अन्य विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों ने डिप्लोमा, डिग्री, मास्टर के बारे में जानकारी दी और आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, मौसम विज्ञान, कानून, सेना आदि विषयों के बारे में बताया गया। विशेषज्ञों के द्वारा सामान्य रूप से अध्ययन करने के लिए विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान, गणित और रीजनिंग पुस्तकें निरंतर पढने की सलाह दी जिससे उनका सामान्य जागरूकता स्तर बढ जाए। विद्यार्थियों को किसी भी परीक्षा में शामिल होने के लिए मुख्य रूप से दो बिन्दुओं पाठ्यक्रम और परीक्षा से संबंधित पुराने प्रश्न पत्रों को पढने के लिए सलाह दी। जिससे परीक्षा की मांग को समझा जा सके।

# दिलेहरी बीट में मिला तेंदुए का शव

## डॉग एस्कॉर्ट की टीम दो डॉग के साथ कर रही जाँच

जिले के सहायक वन परिक्षेत्र दिलैहरी तेंदुआ का शव मिला जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई । सूचना के 12 घंटे बाद भी वन विभाग की नीद नही खुली और मौके पर जिम्मेदार अधिकारी नही पहुंच सके ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



जबकि तेंदुआ का शव पड़े होने के सूचना जिले के सभी अधिकारियों को सोमवार की शाम को ही दी जा चुकी थी उसके बाद वन विभाग की टीम मंगलवार की सुबह पहुंची और जांच मे जुट गई ।

### डाग स्कॉड की टीम कर रही जांच

जिले में सतपुड़ा के जंगलों में सोमवार की शाम को दिलेहरी बीट में एक तेदुआ का शव मिला है, तेंदुआ लगभग दो से तीन वर्ष का बताया जा रहा है। सूचना मिलने के 12 घंटे बीत जाने के बाद वनविभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जाँच शुरू की है। नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा जिले के बीच सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला किनारे स्थित दिलेहरी बीट में सोमवार की शाम एक मृत तेंदुए का शव देखा गया। जानकारी लगने के बाद मंगलवार की सुबह तक विभाग के कर्मचारी शव की सुरक्षा में तैनात रहे और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली जब मामला सोशल मीडिया में आया तो डीएफओ आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। मौके पर डॉग स्कॉड की टीम दो डॉग के साथ घटनास्थल की जाँच कर रही हैं।

### जांच के बाद हो स्पष्ट

वन विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर तेंदुआ के शव को कब्जे मे लेकर परीक्षण के कार्रवाई हेतु भेजा गया । वहीं मौके पर पहुंची डॉग स्कॉड व फोरेंस्कि जांच टीम द्वारा जांच की जा रही है जिससे तेंदुआ की मौत का कारण स्पष्ट हो सके । डीएफओ लवित भारती ने बताया कि मुझे कल शाम को खबर मिली, अभी मैं मौके पर ही हूं अभी मैं उसको चेक करूंगा एक बार, फॉरेंसिक टीम भी जांच मे जुटी हुई है उनके साथ बैठकर समझूंगा कि वह क्या बता रहे हैं।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली लचर

नर तेंदुआ शव की मौत पर वन विभाग द्वारा तत्परता नही दिखाई गई और सूचना के 12 घंटे बीत जाने के बाद जिम्मेदा अधिकारी मौके पर पहुंचे । हालांकि अभी नर शावक की मौत के कारण स्पष्ट नही हुये है । जांच पड़ताल विभाग द्वारा की जा रही है । मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि भागीरथ तिवारी मौके पर पहुंच की वन विभाग की लचर कार्य व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण वन जीवों की सुरक्षा नही हो पा रही है । तेंदुआ की की मौत का जिम्मेदार वन विभाग को बताया । तेंदुआ की हत्या किये जाने की भी आशंका बनी हुई ।

### पानी की कमी बन रही वजह

गर्मी के समय मे जंगलों मे पानी की कमी होने के काराण जंगली जीव गांव की तरफ आ जाते है तेंदुआ की हत्या की आशंका बनी हुई है वन विभाग के उच्च अधिकारी घटना को गंभीरता से नही ले रहे लगातार संरक्षित जंगली पशु मौत का शिकार हो रहे है । जंगल में जानवरों के पानी पीने के इंतजाम नही है । पानी की तलाश में जंगल के जानवर रहवासी क्षेत्र मे आते है और हादसे का शिकार हो जाते है हालांकि रहवासी क्षेत्र मे हिंसक जानवरों के आने से क्षेत्र मे दहशत का माहौल रहता है लेकिन प्रशासन को उक्त ओर ध्यान देना चाहिये और उसके लिये वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जानी चाहिये लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नही देने के कारण जंगली जीवों की कमी दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है ।

## खबर संक्षेप

### जनेऊ संस्कार सम्पन्न



**नरसिंहपुर** । वैदिक सत्य सनातन धर्म शास्त्रों द्वारा ब्राह्मण रीति रिवाज से ब्राह्मण परिवार नारायण प्रसाद चौबे के पुत्र पण्डित दीपक चौबे जानकी नगर वासी का जनेऊ संस्कार ,बरुआ हुआ जिसके पश्चात जानकी नगर कॉलोनी में वैशाख माह में भिक्षा मांग कर घर में भण्डारा कराया और ब्राह्मण होने का कर्तव्य निभाया। जिसमे विप्रब्राह्मण समाज संदीप तिवारी श्रीनगर,राजेश चौबे, हनुमान मिश्रा , देवेन्द्र शुक्ला , गोविन्द दुवे उपस्थिति रही।

### बुलेरो पिकअप ने तीन मोटरसाइकिलो को मारी टक्कर



**नरसिंहपुर** । विगत दिवस नगर के स्थानीय आजाद वार्ड सांकल रोड शंकर मंदिर के पास बुलेरो पिकअप वाहन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए तीन मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें तीनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई साथी वहां पर खड़े लोग बाल बाल बच्चे प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 4391 को ठाकुर बाबा की तरफ से सांकल मार्ग तरफ जा रहा था तभी गोटेगांव सांकल चौराहा शंकर जी के मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी तीन मोटरसाइकिलों में टक्कर मार दि जिसमे दो बाइक अधिक क्षतिग्रस्त हो गई यहां पर कुछ लोग बैठे थे जिनमें से किसी को चोट नहीं पहुंची। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा.तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार दोनों पार्टियों द्वारा आपस में समझौता सलह कर लिया गया है। वही पुलिस में किसी ने भी शिकायत नहीं की है।

### युवक को सर्प ने काटा

**नरसिंहपुर** । गत दिवस घर पर काम कर रहे युवक को जहरीली सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है । पुलिस से मिली जानकारी ओमप्रकाश पिता रविशंकर चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी कन्हारपानी थाना मुंगवानी को घर पर काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परजिनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचारी जारी है ।

### किशोरी ने खाया जहर

**नरसिंहपुर** । गत दिवस 18 वर्षीय युवती ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र ठेमी निवासी किशोरी ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### सड़क दुर्घटना मे वृद्ध की मौत

**नरसिंहपुर** । विगत दिवस सड़क हादसे मे वृद्ध की मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीताराम पिता इतिऊ चौधरी उम्र 60 वर्ष निवासी पीपरपानी थाना तेंदूखेड़ा को आर डी पैलेश के पास हाइवे मे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिसे उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखेड़ा ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां पर डाक्टरों द्वारा परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग कायम कर शव का परीक्षण कराकर परजिनों को सौंप दिया ।

### युवती ने खाया जहर

**नरसिंहपुर** । मंगलवार को युवती ने दादा महाराज के पास अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया । पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी 22 वर्षीय युवती मां के साथ दादा महाराज गई हुई थी जहां पर अज्ञात कारणों से युवती ने जहर खा लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराया गया ।

## गोटेगांव में श्रीमद्भागवत वितरण, कबड्डी शिविर एवं अन्य आयोजन

# स्व मणिनागेंद्र सिंह मोनू भैया का प्रथम पुण्य स्मरण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर /

गोटेगांव। स्व मणिनागेंद्र सिंह पटेल उर्फ मोनू पटेल के प्रथम पुण्य स्मरण के मौके पर गोटेगांव में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम पुण्य तिथि पर मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं एसकेएमजी के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में बारहवीं के सभी छात्रों को श्रीमद्भागवत गीता का वितरण किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन कबड्डी शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। पांचवीं एवं आठवीं के छात्रों का सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यकर्ता नर्मदा जी में भी स्वच्छता का कार्य करेंगे।

### आज के दिन हुआ था देवलोक गमन

विगत 1 वर्ष पूर्ण आज के ही दिन एक दुखद खबर आई थी जिससे मध्य प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई थी। दरअसल मध्यप्रदेश की राजनीति के उभरते युवा नेता और पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह के पुत्र मणिनागेंद्र सिंह पटेल उर्फ मोनू पटेल का आकस्मिक निधन हो गया था। मोनू पटेल जी का निधन हार्ट अटैक से हुआ था। उनके इस आकस्मिक निधन से उनके परिवार एवं उनके समर्थकों में मातम छा गया था।

### कौन है मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू पटेल?

34 वर्षीय मोनू पटेल उर्फ़ मणिनागेंद्र सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के पुत्र थे। श्री मोनू पटेल ऐसे रत्न थे, जो सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जनता के प्रति समर्पित थे । स्व.मोनू पटेल को जनता भी बेहद प्यार करती थी। जब कभी जनता को जरूरत पड़ती,मोनू भैया हमेशा उनके साथ एक ढाल की तरह खड़े रहते । इतना ही नहीं यही जनता मोनू भैया के समर्थन में भी सदैव खड़ी थी।

### गरीबों की सेवा में सदैव तत्पर रहे मोनू भैया

उन्होंने कोरोना के दौरान जरूरतमंद लोगों की मदद की और उसके बाद भी महामारी की सबसे खराब स्थिति के बावजूद सामान्य जीवन जीने के लिए उन्होंने बताया। मोनू पटेल ने अपने पिता की तरह ही जनता के किसी भी विषय में मदद करने का हर सफल प्रयास किया। जैसे कि जरूरत के अनुसार खाद्य सामग्री, आर्थिक सहायता और दूसरी कई सहायताए प्रदान की । वह हमेशा युवा पीढ़ी के साथ समाज के कल्याण के सही मार्ग पर उनका मार्गदर्शन करने के लिए खड़े रहते हैं। जो कोई भी शख्स उनके पास किसी भी समस्या के निराकरण के लिए आया तो वह बिना समाधान खाली हाथ नहीं गया।

### एक नजर परिवार पर

मोनू पटेल के पिता जालम सिंह पटेल मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले से पूर्व में मंत्री, विधायक रहे। साथ ही वह पूर्व केन्द्रीय मंत्री वर्तमान केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भाई भी है। जो मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले से तीन बार विधायक पद के लिए चुने गए। उनके पिता ने भी अपने कार्य काल में जनता का विश्वास प्राप्त किया। उन्होंने बचपन से ही अपने पिता के गुणों के रूप में हमेशा अपने सामाजिक हित का जवाब दिया। उन्होंने हमेशा अपने पिता को जनता के लिए सामाजिक मुद्दों से जूझते देखा है। वह अपने आत्म-प्रकटीकरण के पीछे सामाजिक कार्य को जारी रखता है क्योंकि बचपन से ही मोनू भैया ने अपने पिता को हर एक दिन लोगों की समस्याओं को हल करते हुए देखा है। इसके बाद मोनू पटेल में अपने पिता की ही तरह काम करने का जुनून इस कदर समाया कि लोग उन्हें अप्रिशिएट करने लगे। वही अगर बात करें स्व मोनू पटेल जी के परिवार की तो मोनू पटेल की माता का नाम सुमनलता सिंह पटेल है और पिता का जालम सिंह पटेल है दादा दादी मुलायम सिंह यशोदाबाई पटेल बड़े पापा बड़ी मम्मी सरदार सिंह पटेल, प्रहलाद सिंह पुष्पलता पटेल इनके अलावा मोनू पटेल के परिवार में उनकी दो बहन भी है जिनका नाम फलित सिंह पटेल,प्रतिज्ञा सिंह पटेल है, और एक भाई है जिनका नाम प्रबल सिंह पटेल है । बचपन से ही मोनू पटेल ने परिवार में अपने पिता को सामाजिक कार्यो को करते हुए तथा लोगो की समस्याओ को हल करते देखा है,जिसे देखने के बाद मोनू पटेल को अपने पिता से इस कार्य को आगे भी जारी रखने की प्रेरणा मिली। और यही नहीं उन्होंने अपना पूरा समय जनता के हित के लिए समर्पित भी किया । बस तभी से ही लोगो का विश्वास मोनू पटेल पर और भी ज्यादा प्रगाढ़ होने लगा ।

### राजनीति में काफी सक्रिय रहे मोनू

मोनू पटेल क्षेत्र की राजनीति में काफी सक्रिय रहते थे। कहा जाता था कि आगामी समय में पिता की विरासत वही संभालेंगे। मोनू पटेल की जिले के युवाओं में खासी पकड़ थी और उनके निधन के बाद से गोटेगांव समेत पूरे मध्यप्रदेश में आज भी शोक का माहौल है उनके चाहने वाले हर दिन स्व मोनू भैया को याद करते है। देखा जाये तो यह सितारा अपनी बुलंदियों पर आने से पहले ही बुझ गया।

## उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा सम्पन्न, 131 रहे अनुपस्थित



**नरसिंहपुर** । जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 वीं प्रवेश चयन परीक्षा वर्ष 2024- 25 मंगलवार 30 अप्रैल को प्रातः 10.15 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक जिला मुख्यालय के 4 परीक्षा केंद्र पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी ने द्वारा चारों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि में 500 परीक्षार्थी में से 481 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 550 में से 500 परीक्षार्थी सम्मिलित व 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित, शासकीय एसडीएम कन्या उमा विद्यालय स्टेशनगंज में 250 में से 218 परीक्षार्थी सम्मिलित व 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित और शासकीय नेहरू उमा विद्यालय में 238 में से 208 परीक्षार्थी सम्मिलित व 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार सभी चार केंद्रों पर 1538 परीक्षार्थी में से 1407 परीक्षार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित हुए व 131 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर श्रीमती आशा नेमा, जीएस पटेल, एके चौबे, प्रभात मिश्रा केंद्र अध्यक्ष एवं एएस मसराम सहायक संचालक शिक्षा, अनिल व्यौहार एडीपीसी रमसा, डॉ. एस के पाल प्राचार्य, श्रीमती रमता चौबे प्राचार्य परीक्षा केंद्रों पर प्रेक्षक नियुक्त किए गए थे। उत्कृष्ट विद्यालय नरसिहपुर हेतु आयोजित कक्षा 9 वीं प्रवेश चयन परीक्षा सभी केंद्रों पर व्यवस्थित संपन्न हुई।



## एक दिवसीय संगीत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

मंगलवार को सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर की कार्य योजनानुसार सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में एक दिवसीय जिला संगीत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक ग्रामभारती जिला समन्वयक गोविन्द सिंह किरार प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, रेवाराम पटैल एवं आचार्यो की उपस्थिति में किया गया। उक्त प्रशिक्षण वर्ग में जिले की शिशु मंदिर योजना के केन्द्रीय विद्यालयों एवं ग्रामभारती के 19 आचार्यो तथा स्थानीय विद्यालय के आचार्यो की उपस्थिति रही। निधार्रित समय सारणी में संगीत प्रभारी आचार्य रामशंकर पटैल श्रीमती ज्योति जोशी द्वारा गायन एवं वादन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर नमन, प्राची, रूचि, आशिका, आंशी द्वारा हारमोनियम, तबला, ढोलक, वाद्य यत्रों पर सीखी गई संगीत विधा की रोचक प्रस्तुति दी गई। संगीत प्रषिक्षण प्राप्त करने वाले आचार्यो ने दी गई संगीत कला वारीकियो के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए निरंतर साधनारत रहने की बात कही।

कीर्ति शेष

प्रथम पुण्यस्मरण



स्व. मणिनागेंद्र सिंह जी पटैल (मोनू भैया)

को भावपूर्ण

श्रद्धांजलि

बिछड़ा कुछ इस अदा से, कि रुत ही बदल गई

एक शख्स सारे शहर को, वीरान कर गया

निवदेक: मोनू भैया मित्र मंडली मो. 94256 32999